News Height
JOURNALISM OF COURAGE

Big breaking :-नकली CPCV पाइप बेचने वाले अभियुक्त को दून पुलिस ने किया गिरफ्तार,अभियुक्त के कब्जे से सुप्रीम ग्रीन लाइन कम्पनी के 490 नकली पाइप हुए बरामद

दिनांक 17/09/2024 को श्री अमित दुबे पुत्र श्री राम प्रसाद दुबे निवासी 106 शनि बसंत एनक्लेव सेक्टर 117 मोहाली थाना बलोंगी पंजाब व श्रीमती रचना कपूर पत्नी श्री बबिश कपूर निवासी 106 शनि बसंत एनक्लेव सेक्टर 117 मोहाली थाना बलोंगी पंजाब ने थाना सहसपुर पर सूचना दी कि गुरुकृपा इंटरप्राइजेज सहारनपुर रोड फतेहपुर के मालिक अरविंदर सिंह पुत्र श्री गुरुदेव सिंह निवासी गुरु कृपा इंटरप्राइजेज फतेहपुर थाना सहसपुर देहरादून द्वारा उनकी अधिकृत सुप्रीम ग्रीन कंपनी के नाम से नकली सीपीसीवी पाइप बेचे जा रहे है। सूचना पर थाना सहसपुर से पुलिस बल शिकायतकर्ता के साथ गुरुकृपा इंटरप्राइजेज सहारनपुर रोड फतेहपुर पहुँचा, जहाँ पर गुरुकृपा इंटरप्राइजेज के मालिक अरविंदर सिंह पुत्र श्री गुरुदेव सिंह निवासी गुरु कृपा इंटरप्राइजेज फतेहपुर थाना सहसपुर देहरादून मौजूद मिले, जिनके कब्जे से सुप्रीम ग्रीन लाइन मार्का लिखे कुल 490 नकली सीपीसीवी पाईप बरामद किये गये। अभियुक्त अरविंदर सिंह पुत्र श्री गुरुदेव सिंह के विरुद्ध थाना सहसपुर पर धारा 318(4), 349 भा0न्या0सं0 व 63/65 कपीराइट एक्ट 1957 के तहत अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

Source: https://www.newsheight.com/big-breaking-doon-police-arrested-the-accused-who-was-selling-fake-cpcv-pipes-490-fake-pipes-of-supreme-green-line-company-were-seized-from-the-possession-of-the-accused/